दिनांक 21.03.2026

प्रेस विज्ञप्ति

कानपुर : आज मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश तथा कानपुर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आगामी कार्यक्रम कानपुर दिवस समारोह की विस्तृत जानकारी साझा की गई। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम मंगलवार 24 मार्च, 2026 को आयोजित किया जाएगा।

प्रेस वार्ता को डॉ. आई एम रोहतगी,एडवाइजर, कल्चरल समिति, स्वतंत्र सिंह, चेयरमैन, कल्चरल समिति, धर्म प्रकाश गुप्ता, सचिव, कानपुर पंचायत एवं प्रभात मिश्रा, मुख्य परिचालन अधिकारी, एमसीयूपी ने संबोधित किया

कानपुर पंचायत के संयोजक सचिव धर्म प्रकाश गुप्त ने बताया कि कानपुर जिले के रूप में 24 मार्च 1803 में आधिकारिक रूप से स्थापित किया गया था। जिसकी कार्यवाही कलकत्ता के फोर्ट विलियम के कागजातों में दर्ज है।

मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश तथा कानपुर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में विगत अनेकों वर्षों से प्रत्येक 24 मार्च को कानपुर दिवस समारोह का आयोजन करती है। इस वर्ष यह आयोजन शुक्रवार 24 मार्च 2026 को सर पदमपत सिंघानिया सभागार मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश में सायंकाल 5:00 बजे पर आयोजित किया जायेगा ।

जैसा कि आप सबको विदित है कि कानपुर पंचायत, कानपुर के साहित्य, इतिहास, पर्यटन, संस्कृति एवं विकास हेतु समर्पित संगठन है। इसके द्वारा कानपुर डायरी, कानपुर लूडो तथा कानपुर पजल का प्रकाशन उल्लेखनीय है। इसके साथ ही संस्था कानपुर वासियों को कानपुर के ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों के अवलोकनार्थ हैरिटेज टूर एवं टॉक का आयोजन नियमित रूप से करती रहती है।

कानपुर पंचायत द्वारा कानपुर के इतिहास एवं विशेषताओं को दर्शाने हेतु एक वृत्तचित्र (डाकूमेण्ट्री का निर्माण) भी किया जा चुका है। इसके कुछ अंश भी इस अवसर पर प्रदर्शित किये जायेगें।

डा. इन्द्र मोहन रोहतगी ने बताया कि इस अवसर पर कानपुर के पांच विशिष्ट नागरिक, जिनका अपने क्षेत्र में अतुलनीय योगदान है, का सम्मान भी किया जायेगा। साथ ही कानपुर का विकास ज्योतिष एवं वस्तुशास्त्र की दृष्टि में एक गोष्ठी भी आयोजित है जिसे प्रमुख वास्तुशास्त्री श्री विमल झाझरिया एवं ज्योतिषी श्री शिवांग मिश्रा भाग लेगें।

कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ होगा।